# सराहनीय कार्य पेपर कटिंग बरेली परिक्षेत्र दिनांक 28.01.2026
## जनपद बरेली

# दुष्कर्म पीड़ित बच्ची को बरेली पुलिस ने दिया जीवनदान

**बरेली।** दुष्कर्म पीड़ित छह साल की मासूम बच्ची के गुनहगार को जेल पहुंचाने के बाद फरीदपुर थाने की मिशन शक्ति टीम ने दूसरा काम सर्जरी के दौरान रक्तदान करके किया। तीन पुलिसकर्मियों में एक महिला दरोगा भी शामिल रहीं। पीड़ित परिवार से लेकर चिकित्सकों तक ने इनकी सराहना की।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने बताया कि फरीदपुर थाना क्षेत्र में पिछले साल छह साल की बच्ची के साथ दरिंदगी की कोशिश की गई थी। पुलिस ने तत्काल पॉक्सो व संबंधित धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया।



रक्तदान करती पुलिसकर्मी। स्रोत : विभाग

मिशन शक्ति फेज पांच अभियान के तहत एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा व संबंधित थाने की टीम लगातार बच्ची के स्वास्थ्य पर नजर रख रही थी। पता लगा कि बच्ची की दूसरी सर्जरी होनी है। उसे भोजीपुरा स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

सर्जरी के दौरान बच्ची को खून की जरूरत थी। चिकित्सक के परामर्श के मुताबिक फरीदपुर मिशन शक्ति टीम की प्रभारी उप निरीक्षक मानसी हुड्डा व टीम के सदस्य दरोगा सौरव सिवाच व कांस्टेबल अजय तोमर मंगलवार को अस्पताल पहुंचे और रक्तदान किया।

रक्तदान के बाद बच्ची की हालत में सुधार है। बच्ची के स्वास्थ्य पर थाना फरीदपुर पुलिस की मिशन शक्ति टीम लगातार नजर रख रही है। ब्यूरो

# महिला का कुंडल खींचने का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**बरेली।** कोतवाली पुलिस ने कैंट इलाका निवासी दिव्यांश वर्मा उर्फ अंकित को पैर में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। अंकित ने 19 जनवरी को अयूब खां चौराहे पर एक स्कूटी सवार महिला के कान का कुंडल झपटा था।



आरोपी अंकित।

कोतवाल सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि चौपुला चौराहे के पास पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में जाते अंकित को रोका तो वह रेलवे कॉलोनी में घुस गया। पुलिस ने पीछा किया तो आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में गोली अंकित के पैर में लगी।

घायल अंकित को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके कब्जे से एक तमंचा, एक कारतूस व एक खाली खोखा, कान का एक कुंडल, दूसरा कुंडल बेचने से मिले 5570 रुपये, घटना में इस्तेमाल बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। ब्यूरो